# वी. एन्ड सी. पटेल अंग्रेजी विद्यालय

## वार्षिक परीक्षा

दिनांक : १८-३-१८
समय : ३ घण्टे

कक्षा – ७ विषय : हिन्दी

गुण-८०

निर्देश : – सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ अक्षरों में लिखिए ।
– उत्तर प्रारंभ करने से पूर्व, प्रश्नक्रमांक अवश्य लिखें ।
– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

### खंड–क ( अपठित बोध )

**प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** ५

यह कलयुग है । इसमें सब काम कल द्वारा होता है । कल का करिश्मा सुबह से शाम तक दिखाई देता है । प्रातःउठकर मनुष्य बिजली के दंतब्रश से बत्तीसी साफ करता है । विद्युत शेवर से अपनी हज़ामत खुद करता है । गीज़र से पानी गरम करके नहाता है । इस तरह 'कल' सुबह से शाम तक अपना करिश्मा दिखाता है । गैस चूल्हा और कुकर खाना बना देते हैं, वहीं काँटा–चम्मच उसे मुँह में उडे़ल देते हैं । क्लीनर प्लेट-प्याले साफ करके यथास्थान सजा देता है । मोटर, स्कूटर, ट्राम, रेल आदि कार्यालय पहुँचा देते हैं । नेत्र ज्योति ज्योतिर्मय लट्टुओं से प्राप्त हो जाती हैं, ठंडक शीत-कल और पंखो से । इन सब कलों का संचालन एक बटन मात्र से होता है । इसलिए तो आजकल कहते हैं, 'बटन देवाय नमः ।

प्रश्न :

१. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक सुझाइए । १
२. वर्तमान युग को कलयुग क्यों कहा जाता है । १
३. 'कल' सुबह से शाम तक अपना करिश्मा दिखाता है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए । २
४. 'बिजली' और 'दफ्तर' इन दोनों शब्दों के अर्थ गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए । १

### खंड–ख ( व्याकरण विभाग )

**प्र-१ निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । ( कोइ भी चार )** २

१. साधु २. संसार ३. प्रसिद्ध ४. कमल ५. सूर्य

**प्र-२ निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । ( कोइ भी चार )** २

१. स्वतंत्रता २. सार्थक ३. साक्षर ४. सजीव ५. ह्रस्व

**प्र-३ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए शब्द लिखिए । ( कोइ भी चार )** २

१. जिसके पार देखा जा सके
२. मछली की तरह आँखोवाली
३. जिसकी संतान न हो
४. जिसे प्राप्त करना आसान हो
५. जो काम जानता हो

**प्र-४ निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए ।** २

१. बल  २. मार्ग  ३. जान  ४. समझ

**प्र-५ निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए ।** २

१. छल  २. टिक  ३. दया  ४. चिकना

**प्र-६ निम्नलिखित में से मुहावरे तथा लोकोक्तियों को छाँटकर अलग कीजिए ।** २

अंधे की लाठी, आस्तीन का साँप, इँटका जवाब पत्थर से देना, अंधो में काना राजा, साप भी भर जाएँ और लाठी भी न टूटे, चोर की दाढ़ी में तिनका, गागर में सागर भरना, दूधो नहाओं पूतो फलो,

**प्र-७ मुहावरे और लोकोक्ति के बीच का अंतर स्पष्ट करें ।** २

**प्र-८** १. इस बार गरमी अधिक पड़ रही है । (क्रियाविशेषण शब्द बताइए) १

२. आज बुधवार है इसीलिए बाजार बंद है (समुच्चयबोधक शब्द बताइए) १

३. मेरा विद्यालय विद्यानगर में स्थित है । (व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द बताइए) १

४. सातवी कक्षा में अध्यापक नहीं है । (जातिवाचक संज्ञा शब्द बताइए) १

५. दो किलो चावल दीजिए । (विशेषण तथा प्रकार बताइए) १

६. हाथी चल रहा है । (क्रिया का प्रकार बताइए) १

**प्र-९ निम्नलिखित वाक्यों का उचित कारक से मिलान कीजिए ।** २

| अ | ब |
|---|---|
| १. पिताजी हवाई जहाज से मुंबई गए । | १. अपादान कारक |
| २. कार्तिक गिटार बजा रहा है । | २. कर्मकारक |
| ३. अमन ने भिखारी को रोटी दी । | ३. करणकारक |
| ४. छोटा बच्चा साँप से डर गया | ४. संप्रदान कारक |
| | ५. संबंधकारक |

**प्र-१० निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनःलिखे ।** २

१. देखो, पक्षी बैठा है पेड़ पर ।

२. मुझे एक गरम कप चाय चाहिए ।

३. आप ताज़ी भैंस का दूध पीजिए ।

४. मैं मेरे भाई, मेरी बहन के साथ बाज़ार गया ।

**प्र-११** वाक्य की परिभाषा लिखते हुए उद्देश्य और विधेय को समझाइए । २

## खंड – ग ( पाठ्य पुस्तक )

प्र-१ 'अपूर्व अनुभव' पाठ साहित्य की कौन-सी विद्या है ? १

प्र-२ रहीम का मूल नाम लिखिए । १

प्र-३ 'अप्पू' किस कहानी का पात्र है ? १

प्र-४ कवि की समझ ने कवि को क्या चेतावनी दी ? १

प्र-५ ढोकला-गाठिया किस राज्य के स्थानीय व्यंजन है ? १

प्र-६ चिड़ीमार मोर क्यों पकड़ते थे ? १

प्र-७ मीरां को सावन मन भावन क्यों लगने लगा ? १

**प्र-८** कुँवरसिंह को देशभक्ति तथा स्वाधीनता की प्रेरणा किससे मिली ? १

प्र-९ कैसा जीत समाज में क्रांति ला सकता है ? १

प्र-१० कवि समाज में उथल-पुथल मचाना चाहता है ? क्यों ? १

प्र-११ जीवन का रहस्य क्या है ? १

प्र-१२ सांप्रदायिक सद्‌भाव में कुँवरसिंह की गहरी आस्था थी । समजाइए । २

प्र-१३ यशोदा अपने बेटे को क्या कहकर जगा रही है ? २

प्र-१४ नीलकंठ के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । ४

**प्र-१५ निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए ।** १०

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १. कालकूट | २. सांप्रदायिक सद्‌भाव | ३. दामिन | ४. चिड़िमार | ५. निखालिस |
| ६. तिनका | ७. हड़बड़ी | ८. बिपति | ९. अपूर्व | १०. द्विशाखा |
| ११. नीड़ | १२. पछुवा | १३. दस्तक | १४. शिविर | १५. क्वार |
| १६. चहुँदिस | १७. लोहा लेना | १८. क्षुब्ध | १९. पक्षी शावक | २०. अचरज |

**प्र-१६ उचित विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** १०

१. 'सुमन' किस कवि का उपनाम है ?

क) शिवप्रसाद सिंह ख) शिवमंगलसिंह

ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना घ) बालकृष्ण शर्मा

२. मुसीबत में धिरे परिवार की मदद दादी माँने कैसे की ?

क) रुपये देकर ख) मौखिक सांत्वना देकर

ग) सोने के हार देकर घ) कंगन देकर

३. इनमें से 'मिठाईवाला' कहानी का पात्र नहीं है ?

क) विजयबाबू ख) रोहिणी

ग) अनिल घ) चुन्नू और मुन्नू

४. एनीमिया क्या है ?

क) आँखो की बिमारी ख) रक्त की कमी से होनेवाली बिमारी

ग) पेट की बिमारी घ) रक्त की अधिकता से होनेवाली बिमारी

५. 'विप्लव गायन' कविता में वीणा किसका प्रतीक है ?

क) एक वाद्य का ख) कवि के जीवन का

ग) लोगों के जीवन का घ) संपूर्ण प्रकृति का

६. सोनपुर का मेला किसके क्रय-विक्रय के लिए विख्यात है ?

क) हाथियों के ख) ऊँटों के

ग) घोड़ो के घ) बकरियों के

७. मीरा की भक्ति और प्रेम किसके लिए है ?

क) श्रीराम के　　　ख) श्रीकृष्ण के लिए

ग) लक्ष्मण के लिए　　घ) बलराम के लिए

८. 'कुब्जा' नामक मोरनी को किसके मारा ?

क) कजली कुतियाने　　ख) चित्रा बिल्लीने

ग) नीलकंठ मोरने　　घ) लक्का कबूतर ने

९. खानपान की संस्कृति से किस चीज को बढ़ावा मिला है ?

क) आतंकवाद　　ख) सांप्रदायिकता

ग) राष्ट्रीय एकता　　घ) भाषावाद

१०. तोतो-चान के दोस्त का नाम है –

क) वासुकी चान　　ख) यासुकी चान

ग) जेकी चान　　घ) चिंगचान

## खंड-घ ( लेखन )

**प्र-१** 'आजकल की फिल्मों का युवा पीढी पर प्रभाव' की चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लिखिए । ५

**प्र-२ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।** ५

**१. विद्यार्थी और अनुशासन :**

**संकेत बिंदु :** अनुशासन का अर्थ और महत्त्व – अनुशासन की प्रथम पाठशाला - परिवार – व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के लिए अनुशासन आवश्यक – अनुशासन -एक महत्त्वपूर्ण जीवन-मूल्य

**२. मोबाइल फोन : सुविधा या असुविधा**

**संकेत बिंदु :** आवश्यक अंग – सहज जुडाव – ढेरों सुविधाएँ – दूसरों के लिए खतरा – सही रूप में प्रयोग आवश्यक ।